# यूपीईएस देगा डॉक्टर बनने के नए अवसर

देहरादून। यूपीईएस के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ने मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ द अमेरिका के साथ एमओयू किया है। इसके तहत देश में डॉक्टर बनने की चाह रखने वाले छात्रों के लिए यूपीईएस नए कोर्स शुरू करेगा।

इस साझेदारी के तहत यूपीईएस अब त्वरित मेडिकल शिक्षा कार्यक्रम लॉन्च करेगा, जिसमें पांच वर्षीय बीएससी, एमडी और अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन इसी महीने शुरू होंगे। पहला बैच अगस्त से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में पहला वर्ष यूपीईएस में होगा, दो वर्ष एमयूए के सेंट किट्स, नेविस आइलैंड कैंपस में प्री-क्लीनिकल शिक्षा और अंतिम दो वर्ष अमेरिका के संबद्ध अस्पतालों में क्लीनिकल रोटेशन के रूप में पूरे होंगे।